|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.


- **Year-** 18 **Issue-** 01
Ghaziabad, Sunday, 31 May- 2026
- 31 May to 06 June- 2026
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:**101473
- **Editor:** Manisha Bhargava
- **Mob.:** 9871895198
- **Rate.:** 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

**Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad**
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**www.tbcgzb.in** **Email: editor@tbam.co.in**


Page 2



Page 5



Page 8



# टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित, 50 लाभार्थियों को मिली सहायता

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जेवर में आरएचएएम फाउंडेशन का सेवा अभियान, टीबी उन्मूलन के प्रति किया गया जागरूक



















**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**जेवर (गौतमबुद्ध नगर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जेवर में आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद द्वारा टीबी (क्षय रोग) मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत लगभग 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद के प्रतिनिधि डॉ. धीरज भार्गव उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्ताफ, कुलदीप राणा, राधेनाथ, अशोक (एसटीएस) एवं डालचंद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह ने कहा कि टीबी एक पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। उन्होंने मरीजों से नियमित रूप से और निर्धारित समय पर दवाओं का सेवन करने की अपील करते हुए कहा कि उपचार बीच में छोड़ने से बीमारी दोबारा गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए मरीजों को पूरी उपचार अवधि तक चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा लेते रहना चाहिए।

डॉ. सिंह ने कहा कि पोषणयुक्त आहार और नियमित उपचार टीबी से शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी उद्देश्य से पोषण पोटली वितरण जैसे कार्यक्रम मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहे हैं।

आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा पिछले सात वर्षों से टीबी उन्मूलन अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। संस्था अब तक लगभग 19 हजार टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण एवं स्वास्थ्य सहायता के लिए निरंतर सहयोग प्रदान कर चुकी है। इस अभियान में विभिन्न रोटरी क्लबों एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

कार्यक्रम में बताया गया कि इस जनसेवा अभियान में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनराइज, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम तथा डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन विशेष रूप से सहयोग कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में आरएचएएम फाउंडेशन ने सभी सहयोगी संस्थाओं, स्वास्थ्य विभाग एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संस्था के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# Editorial

## Ebola's 'Era of Death'

We still feel the fear, stress, and dread of death associated with the global COVID-19 pandemic today; however, the Ebola virus has now evoked a sense of a new form of 'health terrorism.' Ebola is no longer confined solely to the Congo, Uganda, and South Sudan; rather, 10 other African nations have now fallen prey to the infection. In the Congo alone, nearly 200 deaths have already occurred. The total death toll is currently estimated to be around 250, while approximately 1,000 individuals are reported to be suspected cases. These figures are official statistics, not necessarily the absolute reality, as there is currently no available data indicating how many of the suspected patients have recovered or how many have succumbed to the disease. In light of this tragic situation, the World Health Organization had already declared the Ebola virus and the associated infection a 'Global Health Emergency.' Fear, stress, and a sense of helplessness prevail largely because, to this day, Ebola remains 'incurable.' There is currently no vaccine, pill, or capsule anywhere in the world capable of curing Ebola; consequently—according to medical experts—the mortality rate associated with this infection ranges from 25 to 80 percent. We, therefore, regard the current period as a 'Death-Era' for humanity. Nevertheless, the Serum Institute of Pune (India) and the University of Oxford (UK) are jointly conducting trials for an Ebola vaccine. They are confident that an effective vaccine will be available on the global market within the next six months. The Serum Institute and Oxford University had previously undertaken the large-scale production of the COVID-19 vaccine, 'Covishield'; as a result, millions of patients recovered, and the threat of COVID-19 was ultimately brought under control. While the vaccine itself was developed by Oxford, it was the Serum Institute that manufactured it on a global scale. Meanwhile, Russia has also laid claim to the fact that its medical experts and researchers are actively working on an Ebola vaccine. An Ebola vaccine could very well hit the market in the very near future! Most of the symptoms associated with the Ebola virus and infection appear to be strikingly similar. High fever, headache, body aches, skin rashes, vomiting, diarrhea, fatigue, extreme weakness, and a sore throat are among the early symptoms of the Ebola virus. Internal and external bleeding—manifesting through the eyes, nose, ears, or bodily excretions—is also a significant symptom.

Manisha Bhargava

# Indian U18 Women's Hockey Team holds nerve to beat Malaysia 2-1 for a winning start to U18 Asia Cup 2026

## India's 15-year-old forward Nousheen Naz scores two goals to star in her team's fighting victory in Kakamigahara, Japan, and was named 'Player of the Match'







**Prateek Bhargava**

**Kakamigahara.** The Indian U18 Women's Hockey Team started their U18 Asia Cup 2026 campaign with a hard-fought 2-1 win over Malaysia in their opening Pool A match in Japan on Saturday. India's 15-year-old forward Nousheen Naz scored both the goals to secure three points for her team.

After a goal-less first quarter, India ended the deadlock in the 19th minute of the match off a penalty corner, when Nousheen capitalized on an opportunity during a set-piece to place the ball into the net and give India a 1-0 lead. Continuing her good form, Nousheen struck again in the second quarter. In the 28th minute, she beat Malaysian goalkeeper with a sharp shot to double India's lead to 2-0 before the hooter signalled half-time. Malaysia looked to recover in the second half and eventually managed to cut India's lead down to one goal in the 41st minute, as Nur Azli breached the Indian post to reduce the margin to 2-1. The Indian defence kept the opposition from causing further damage in the fourth quarter to seal the victory. India created several scoring opportunities throughout the match and earned a total of 16 penalty corners. Nousheen was named 'Player of the Match' for her two goals, which proved to be the difference.

With this win, India are currently placed second in Pool A behind Korea. Both teams have three points each but are separated by goal difference.

India will play Korea in their next pool match on Sunday, May 31, 2026.

All matches are streamed live on the Asian Hockey Federation's official YouTube channel: https://www.youtube.com/channel/UCDNCxsTOURPYrnpd0VxX_Bg

# Kartik is top Indian as Chugh, Saqib are T-12 at AM Green IGPL Morocco Rising Stars

- **Spain's Agusti leads the ADT event after bogey free 64**
- **Ten Indians make cut in ADT event in Morocco**







**Prateek Bhargava**

**El Jadida, Morocco.** Spain's Agusti Madalena shot the lowest round of the tournament so far to take a four-shot lead even as Indian teenager Kartik Singh carded a bogey free 6-under 66 in the second round of the US$160,000 AM Green IGPL Morocco Rising Stars 2026. Kartik, who was on fire in the second round at the stunning Mazagan Beach & Golf Resort and he is Tied-fifth and five shots behind the leader in the event co-sanctioned by the AM Green IGPL and Asian Development Tour.

Kartik, who impressed on the AM Green IGPL Tour in 2025, shot a flawless 66 after starting from the tenth on the second day. He had shot 1-under on the first day and is now 7-under for 36 holes and five shots behind the leader Madalena (68-64), who is 12-under.

Three players, first round leader, Ho Ho Yue (66-70), fellow Hong Kong golfer, Matthew Heung (68-68) and Argentine Franco Scorzato (68-68) were tied second at 8-under.

Kartik is Tied-fifth along with a Thai duo Tanapat Pichaikool (70-67) and Runchanapong Youprayong (67-70) at 7-under.

Raghav Chugh (69-70) and Syed Saqib Ahmed (69-70), who were inside Top-10 after Day 1, slipped down to T-12, while Trishul Chinnappa (69-71) dropped to T-25 after being T-8 a day earlier.

A total of 10 Indians made the cut which fell at 1-under. The others making the weekend rounds included Samarth Dwivedi (70-72), Sachin Baisoya (71-71), Rashid Khan (72-70) and Arjun Bhati (72-70), who were all 2-under at T-36. Also getting past the cut line were Milind Soni (75-68) and Kartik Sharma (74-69) at 1-under and were Tied-45th.

The 25-year-old Madalena took full advantage of the softer morning conditions and played a bogey-free round with eight birdies. He could have gone lower, but missed a six-foot eagle putt on the 18th hole.

Leader Madalena has not had a single top-10 finish in Official World Golf Ranking events in his five years of playing as a pro, but that could all change after a flawless round of 64.

The eight-under par 64, added to his 68 in the opening round, took him to 12-under par going into the weekend rounds an gave him a four-shot lead over the trio at 8-under in Tied-second place.

Thailand's Tanapat Pichaikool (67) and Runchanapong Youprayong (70) were also in the hunt, tied fifth at seven-under, where they were joined by Indian teenager Kartik Singh (66).

The leading Moroccan player was Ayoub Id-Omar (68) in tied eighth place.

Starting from the tenth, Kartik Singh opened with a birdie and added back-to-back gain on the 14th and the 15th again on the 18th. On his second nine, birdies on the fifth and the sixth gave a him a healthy scorecard of 6-under 66.

Among the AM Green IGPL players in the field, Raghav Chugh and Syed Saqib Ahmed (both 70) were leading contenders at five-under and in tied 12th position, while prominent names missing the cut included Olympian Udayan Mane, Sudhir Sharma, Shaurya Bhattacharya, Pukhraj Singh Gill, Karandeep Kochhar, Aryan Roopa Anand, Khalin Joshi, Shubham Jaglan and Aman Raj.

# पॉलिसी बॉन्ड खरीदने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## कॉल सेंटर संचालित करने वाले तीन आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तार

**टीबीसी संवाददाता**

**गुरुग्राम/गाजियाबाद।** इंश्योरेंस पॉलिसी और गवर्नमेंट बॉन्ड खरीदने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का गुरुग्राम पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। साइबर मानेसर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर संचालित करने वाले तीन आरोपियों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों के कब्जे से 13 मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।



जानकारी के अनुसार 21 जनवरी 2026 को एक व्यक्ति ने थाना साइबर मानेसर में शिकायत दी कि उसे खुद को वन सर्वर कैपिटल एडवाइस एलएलपी का प्रतिनिधि बताने वाले लोगों ने पॉलिसी बॉन्ड खरीदने के नाम पर गुमराह कर करीब 26 लाख रुपये की ठगी कर ली। शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर मानेसर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और डेटा एनालिस के आधार पर 25 मई 2026 को गाजियाबाद में दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उदित चोपड़ा (31), निवासी जगतपुरा नॉर्थ दिल्ली, हाल निवासी अशोक वाटिका शालीमार सिटी रॉयल गार्डन गाजियाबाद; जितेश कुमार श्रीवास्तव (34), निवासी शास्त्री नगर उत्तर पश्चिमी दिल्ली और हिमांशु प्रेमी उर्फ सरदार (32) निवासी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हिमांशु और जितेश गाजियाबाद की एक इंश्योरेंस कंपनी में काम करते थे। उन्होंने वहीं एक अवैध कॉल सेंटर स्थापित किया और कंपनी से लीक डेटा लेकर लोगों को कॉल करते थे। कॉल पर खुद को वित्तीय सलाहकार बताकर इंश्योरेंस पॉलिसी और गवर्नमेंट बॉन्ड में निवेश का लालच देकर ठगी करते थे। कॉल करने का काम उन्होंने आरोपी उदित चोपड़ा को सौंपा हुआ था।जांच में यह भी पता चला कि शिकायतकर्ता की रकम जिस बैंक खाते में ट्रांसफर हुई थी, उससे एटीएम और चेक के जरिए नकदी निकाली गई। इस खाते के धारक श्याम और एटीएम से पैसे निकालने वाले आरोपी अर्जुन सिंह को पुलिस छह मई 2026 को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद आठ मई को सिम उपलब्ध कराने वाले धर्मेन्द्र सिंह और एटीएम से नकदी निकालने वाले अमित कुमार यादव उर्फ सत्यम को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इन उपकरणों का इस्तेमाल ठगी की कॉल और पैसे ट्रांसफर के लिए किया जाता था।

## यशोदा अस्पताल में मिशन शक्ति टीम ने किया डॉक्टर- पुलिस संवाद का आयोजन





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना सिहानीगेट क्षेत्र स्थित यशोदा हॉस्पिटल में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर एवं मिशन शक्ति टीम के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर-पुलिस संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल की महिला डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य महिला स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित महिलाओं को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश एवं हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला चिकित्सकों द्वारा भी महिला पुलिसकर्मियों को महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गईं, जिससे पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा पुलिस एवं चिकित्सा विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

## मुनाफे का लालच देकर 18 लाख की ठगी

**गाजियाबाद (टीबीसी)।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में निवेश के नाम पर 18 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि डेयरी कारोबारी ने अधिक मुनाफा दिलाने का भरोसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपये ले लिए और बाद में रकम लौटाने से इंकार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर नंदग्राम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोरटा स्थित मिडोज विस्टा सोसाइटी निवासी अमित शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पहचान लोमेश कसाना नाम के व्यक्ति से हुई थी। लोमेश डेयरी का कारोबार करता था और उसने निवेश पर अच्छा लाभ दिलाने का भरोसा देकर उन्हें अपने विश्वास में ले लिया। आरोपी ने अलग-अलग माध्यमों से उनसे करीब 18 लाख रुपये ले लिए। पीड़ित के अनुसार लगभग 13 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए पांच माह के भीतर आरोपी के खातों में ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा पांच लाख रुपये नगद 26 मई 2025 को राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक रेस्तरां में दिए गए थे। आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी ने पैसे लौटाने बंद कर दिए और लगातार टालमटोल करने लगा। अमित शर्मा का कहना है कि आरोपी लोमेश कसाना और उसकी पत्नी पूनम ठाकुर के मोबाइल फोन चालू हैं, लेकिन दोनों उनसे संपर्क नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले में कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।





ADMISSION OPEN
2026-27
CLASSES NUR TO IX & XI

Ranked 5th in Ghaziabad in Dainik Jagran School Rankings 2025

Awarded as Best School for Co-curricular Education by Education Today.

100% Off on ADMISSION FEES
for Classes NUR TO I

- 100% CBSE Board Results
- Transport Facility Available

P-BLOCK, SEC-12
PRATAP VIHAR,GHAZIABAD

www.nrpschool.com
nrpschool@gmail.com
facebook.com/nrpschool
9560173519

# लोक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

## जनहित से जुड़े विकास कार्य समयबद्ध रूप से सम्पन्न करायें: जिलाधिकारी

टीबीसी संवाददाता





**गाजियाबाद।** जनपद में विकास कार्यों को गति देने और आमजन को बेहतर सड़क एवं यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी सभागार में लोक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने की। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क चौड़ीकरण, मार्ग सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़कों और सेतुओं के पुनर्निर्माण संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों की रूपरेखा तय की गई।

जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रस्तावों का पुनः परीक्षण कर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता को समय पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क और सेतु निर्माण जैसे कार्य सीधे तौर पर आमजन के दैनिक जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में सड़कें जर्जर स्थिति में हैं या आवागमन बाधित हो रहा है।

वहां शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। वहीं गाजियाबाद सांसद, लोनी विधायक, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा बागपत सांसद के प्रतिनिधियों ने जूम माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता रामराजा, सहायक अभियन्ता डी0के0 शर्मा, सुरेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रायल के रूप में विजयनगर को मिला गंगाजल, पार्षदों एवं क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर

## मिजार्पुर, सर्वोदय नगर, शिवपुरी, पुराना विजयनगर, केलाखेड़ा में पहुंचा गंगाजल



टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा जलकल विभाग की टीम द्वारा विजयनगर के वार्डों में गंगाजल का ट्रायल प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें वार्ड संख्या 48 मिजार्पुर, वार्ड संख्या 14 सर्वोदय नगर, वार्ड संख्या 15 प्रताप विहार एल ब्लॉक, वार्ड संख्या 58 शिवपुरी, वार्ड संख्या तीन पुराना विजयनगर, वार्ड संख्या 51 केलाखेड़ा, वार्ड संख्या 55 सेक्टर 11 प्रताप विहार डी ब्लॉक, में गंगाजल ट्रायल के रूप में भिजवाया गया है।

वार्ड के पार्षदों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा गंगाजल मिलने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए नगर निगम का धन्यवाद किया गया, पार्षद ओमप्रकाश, पार्षद साजिदा द्वारा नगर आयुक्त को पत्र लिखकर धन्यवाद किया गया। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया।

विजयनगर के लगभग 11 वार्डों में गंगाजल पहुंचने की क्रम में 8 वार्डों में गंगाजल ट्रायल के रूप में पहुंचाया गया है वार्ड संख्या 4 माता कॉलोनी वार्ड संख्या 25 अंबेडकर नगर शंकरपुरी में भी गंगाजल पहुंचाने के लिए प्रक्रिया जारी है अगले एक सप्ताह के भीतर वार्ड संख्या चार और 25 में भी गंगाजल ट्रायल के रूप में पहुंचने का कार्य विभागों द्वारा किया जाएगा, वार्ड संख्या 26 भूर भारत नगर के क्षेत्र में भी गंगाजल की सप्लाई के लिए कार्यवाही चल रही है। लगभग 6 टंकियां के द्वारा गंगाजल विजयनगर को मिलेगा जिसमें ट्रायल के रूप में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, मिजार्पुर डबल टंकी, गुलाबी टंकी वार्ड 51, वार्ड 55 बी ब्लॉक टंकी, ग ब्लॉक पुराना विजयनगर वार्ड 3 की टंकी, सेक्टर 9 वार्ड 14 विजयनगर की टंकी के माध्यम से गंगाजल की आपूर्ति को ट्रायल के रूप में देखा जा रहा है जिसमें टीम को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, रोज बेल टंकी जो कि वार्ड संख्या 25 और 4 में है जिसके लिए पाइपलाइन मरम्मत का कार्य और लीकेज ठीक करने काकार्य जारी है इसके उपरांत वार्ड संख्या 25 और 4 को भी ट्रायल के रूप में गंगाजल मिलेगा, क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति होने पर क्षेत्र वासियों ने नगर निगम का धन्यवाद किया पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की गई।

# गाजियाबाद में अवैध कॉलोनियों पर जीडीए की कार्रवाई




टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने प्रवर्तन जोन-03 क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में रईसपुर और सदरपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। जीडीए टीम ने खसरा संख्या 1277, 1278 एवं 1279, रईसपुर स्थित सूर्या गार्डन के निकट लगभग 4500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किए जा रहे अवैध निर्माण को हटाया। यहां सतेंद्र सिंह, जयप्रकाश, विजेंद्र और सुमेर सिंह द्वारा अनधिकृत विकास कार्य कराया जा रहा था।

इसके अलावा सूर्या एन्कलेव क्षेत्र में लगभग 20 बीघा भूमि पर वीरेंद्र चौधरी उर्फ लल्लू द्वारा विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर भी बुलडोजर चलाया गया। खसरा संख्या 1267, रईसपुर में लगभग 10 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किए जा रहे अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया।

यहां सतेंद्र सिंह, संदीप चौधरी और देवेंद्र द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। वहीं खसरा संख्या 167 एवं 169, रईसपुर-सदरपुर क्षेत्र में लगभग 6000 वर्ग मीटर भूमि पर संजीव कुमार, अमर, सतपाल, ओम, सुखपाल और रविपाल द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर भी कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया गया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस और स्थानीय पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित कर अभियान जारी रखा।

कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर एवं पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने विभागों को बिठाया आमने-सामने, समन्वय की कमी देख अधिकारियों के साथ-साथ ठेकेदारों को लगाई फटकार

टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निर्माण विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों और टीम के साथ बैठक की गई, चल रहे कार्यों की प्रगति को देखा गया' जलकल विभाग और निर्माण विभाग की आपसी समन्वय की कमी के कारण कार्यों में देरी होने पर नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों के साथ-साथ संबंध ठेकेदारों को भी फटकार लगाई कड़े निर्देश देते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया, कार्यस्थल पर किसी प्रकार की परेशानी ना हो निर्देश दिए गए।

इंदिरापुरम सहित पांचो जोन में चल रहे कार्यों में पानी की पाइपलाइन, सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य निर्माण कार्यों में बाधा ना बने



आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करने की निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा ठेकेदारों को भी कड़े निर्देश देते हुए वर्क आर्डर जारी होने के बाद भी कार्य में देरी बर्दाश्त नहीं होगी चेतावनी दी गई, पोर्टल पर शहर में चल रहे कार्यों की प्रगति को देखते हुए वर्क आर्डर जारी होने वाले कार्यों में 10 जून तक कार्य प्रारंभ करने की अंतिम तिथि दी गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव भी उपस्थित रहे, कार्यों की मॉनिटरिंग लापरवाही ना हो कर निर्देश दिए गए, पोर्टल के माध्यम से उद्यान विभाग के कार्यों पर भी नजर डाली गई पोर्टल में शहर में चल रहे सभी कार्यों को शामिल करने के लिए निर्देश दिए गए।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को कार्य स्थलों पर मानक के अनुरूप विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराए जाएं निर्देश दिए गए'

# India U-18 Men's and Women's Teams Ready to Begin Asia Cup Campaign in Japan

## India's next generation of stars are ready to present their challenge for Asian supremacy against the best emerging talent from May 29 to June 6 in Kakamigahara

**Prateek Bhargava**

**Kakamigahara, Japan.** The Indian U-18 Men's and Women's Hockey Teams are all set to begin their campaigns at the U-18 Asia Cup 2026 in Kakamigahara, Japan, scheduled from May 29 to June 6.

After weeks of intensive preparation camps and valuable exposure matches against Australia in Bhopal, both teams will look to make a strong impact at the continental tournament against some of Asia's finest young talent.

The Indian U-18 Men's team, led by forward Ketan Kushwaha, heads into the tournament following a month-long national coaching camp at the Udhav Das Mehta (Bhai Ji) Central Centre at SAI, Bhopal, under the guidance of coaches Sardar Singh and Rajnish Mishra. As part of their preparations, the side played a four-match series against the visiting Australian U-18 team, registering one win and one loss, while two matches ended in draws.

India have been placed in Pool A alongside hosts Japan, Korea, Chinese Taipei and Kazakhstan in the men's competition. The team will open its campaign against Kazakhstan on May 29 before taking on Japan (May 31), Korea (June 1) and Chinese Taipei (June 3). Pool B comprises Malaysia, Pakistan, Bangladesh and China. The top two teams from each pool will qualify for the semi-finals scheduled on June 5, while the final will take place on June 6.





Speaking ahead of the tournament opener, India U-18 Men's Team captain Ketan Kushwaha said, "The team is feeling confident and excited ahead of the Asia Cup. The camp in Bhopal and the matches against Australia helped us improve a lot as a unit and understand the areas we need to work on. We know every match in the tournament will be competitive, but the squad is motivated to give its best and make the country proud."

The Indian U-18 Women's Team, captained by Sweety Kujur, also enters the tournament after a productive national camp in Bhopal under the guidance of coach Rani. The camp focused on strengthening combinations, improving tactical awareness and building match fitness ahead of the continental challenge.

The women's team also played a four-match series against Australia during their preparations and ended the series with a confidence-boosting victory.

Drawn in Pool A, the women's team will begin its campaign against Malaysia on May 30, followed by matches against Korea on May 31 and Singapore on June 2. Pool B includes China, Japan, Chinese Taipei and Bangladesh.

The top two teams from each pool will progress to the semi-finals on June 5, with the final scheduled for June 6.

India U-18 Women's Captain Sweety Kujur expressed confidence in the team's preparations and said, "The entire squad is excited to finally begin the tournament. We have trained really hard over the past few weeks and the Australia matches gave us important match exposure before the Asia Cup. The team has developed strong understanding during the camp and everyone is eager to perform well."

Schedule – India U-18 Men's Team (Timings in IST)

* May 29, 2026:India vs Kazakhstan – 09:30 am
* May 31, 2026: India vs Japan – 1:30 pm
* June 1, 2026: India vs Korea – 3:30 pm
* June 3, 2026: India vs Chinese Taipei – 1:30 pm

Schedule – India U-18 Women's Team (Timings in IST)

* May 30, 2026: India vs Malaysia – 05:30 am
* May 31, 2026: India vs Korea – 05:30 am
* June 2, 2026: India vs Singapore – 09:30 am

All matches will be streamed live on the Asian Hockey Federation's official YouTube channel: https ://www.youtube.com/channel/ UCDNCxsTOURPYrnpd0Vx X_Bg

# Return of the Jungle"

(Rating: 3.5/5)

Directed by renowned animator Vaibhav Kumaresh, "Return of the Jungle" emerges as a strong and meaningful addition to the Indian animation industry. The film was showcased at the Mumbai International Film Festival, where it received appreciation from audiences and critics alike.

The film stands out for its high-quality VFX and delivers an important message for school-going children about Indian values, sportsmanship, and how to gracefully handle both victory and defeat.



Story Plot:

The story revolves around students of a Kendriya Vidyalaya. Rahul Malhotra sees himself as nothing less than Spider-Man and dominates every competition in school. Meanwhile, students from another class, led by Chhotu, decide to step up and participate in all competitions. With the blessings and guidance of "Thatha," the children face challenges through events ranging from fashion shows to cricket matches.

Highlights:

The character of Thatha, inspired by traditional Panchatantra-style storytelling, plays a guiding force, helping children navigate difficulties and grow.

Overall:

What makes this film remarkable is the 15-year-long effort behind its creation. Despite having no star cast, the film successfully engages the audience and reflects the growing confidence of young filmmakers in Indian animation. It's not just for kids, but a wholesome family entertainer.

# विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए हुआ श्री मंशापूर्ण महावीर विधान

## आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज ने एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल का किया निरीक्षण, दो धार्मिक पुस्तकों का भी हुआ विमोचन





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के सान्निध्य में कविनगर स्थित जैन मंदिर में विश्व शांति, धर्म प्रभावना एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से श्री मंशापूर्ण महावीर विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जैन समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम से पूर्व आचार्य श्री ने एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल, कविनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन, मंत्री अजय जैन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आचार्य श्री ने विद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है, जिसका श्रेय उसकी कार्यकारिणी समिति और समर्पित प्रबंधन को जाता है।

विद्यालय परिसर में स्टाफ एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन एवं आरती कर स्वागत किया। इसके पश्चात आचार्य श्री ने जैन मंदिर में आयोजित श्री मंशापूर्ण महावीर विधान का शुभारंभ मंगल आशीर्वचन प्रदान कर किया। इस अवसर पर आचार्य श्री सौरभ सागर जी द्वारा रचित श्री मंशापूर्ण महावीर विधान सहित दो धार्मिक पुस्तकों का विमोचन भी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा किया गया।

अपने प्रवचन में आचार्य श्री ने विधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब एक या कुछ लोग पूजा करते हैं तो वह पूजा कहलाती है, जबकि सामूहिक रूप से विधिपूर्वक किए जाने वाले पूजन को विधान कहा जाता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा एवं नियमपूर्वक पूजा-अर्चना और विधान करने से पापकर्मों का क्षय होता है तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। धर्म और ध्यान से पुण्य कर्मों का उदय होता है, जिससे जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरुजनों, साधु-संतों, माता-पिता और ईश्वर के प्रति श्रद्धा एवं सेवा भाव रखना चाहिए। साथ ही बुरे कर्मों और कुसंगति से दूर रहकर सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार ही जीवन को सार्थक बनाते हैं।

जैन समाज के प्रवक्ता अजय जैन ने बताया कि आचार्य श्री 27 मई तक जैन मंदिर, कविनगर में विराजमान रहेंगे तथा श्रद्धालु निर्धारित समय पर उनके दर्शन कर धर्म लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 28 मई की प्रातःकालीन बेला में आचार्य श्री श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, घंटाघर के लिए विहार करेंगे।

आचार्य श्री के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कविनगर पहुंच रहे हैं। लगभग सात वर्षों बाद कविनगर आगमन होने के कारण समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में भोजन एवं जलपान की समुचित व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर प्रदीप जैन, अजय जैन, जम्बू प्रसाद जैन, संजय जैन, सुभाष जैन, सतीश जैन, अशोक जैन सहित अनेक समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा।

## मूवी रिव्यू

# श्री बाबा नीब करौरी महाराज

**रेटिंग 3 .5 स्टार**

**स्टीव जॉब्स से मार्क जुकरबर्ग तक—बाबा के वैश्विक भक्त**






बेशक लंबे अरसे से कोई धार्मिक फिल्म सिनेमा घरों में रिलीज नहीं हो पाई, शायद फिल्म इंडस्ट्री के नामी मेकर अब यह समझ बैठे है कि जेन जेड सिर्फ एक्शन और रोमांस एक्शन वाली फिल्में ही पसंद करते है लेकिन जय बाबा नीम करौली पर बनी फिल्म के प्रेस शोज और प्रिव्यू शोज में 60 फीसदी के करीब युवाओं की मौजूदगी साबित करती है कि युवा वर्ग अपनी प्राचीन विरासत और साधु संतों पर बनी फिल्मों को देखना चाहता है ।

इस शुक्रवार देश भर में रिलीज हुई यह फिल्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी के अवतार माने जाने वाले नीम करोली बाबा की जीवनी का एक पहलू पेश करती है। बाबा के भक्तों में देश और विदेश के लोग शामिल हैं। बाबा के भक्तों में स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसी नामी हस्तियां शामिल हैं।


इस फिल्म के निमार्ता शरद सिंह ठाकुर ने कई वर्षो तक नीम करोली बाबा 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' जिंदगी पर काफी रिसर्च की । इस फिल्म का उद्देश्य बाबा की शिक्षाओं और विरासत से युवा पीढ़ी का परिचय कराना है। आज बाबा के भक्त भारत और विश्व भर में फैले हुए हैं। 1973 में नीम करोली बाबा के निधन के दशकों बाद आज भी उनके लाखों अनुयायी उनसे प्रेरणा लेने आश्रम आते रहते हैं।

बाबा के भक्तों में एप्पल के हेड के अलावा अनुष्का शर्मा और विराट कोहली सहित अनेक हस्तियां शामिल है ।मराठी एक्टर सुबोध भावे ने नीम करोली बाबा की भूमिका को जीवंत कर दिखाया है ।फिल्म के मेकर बाबा के परिवार से कई बार मिले और फिर इस फिल्म की बनाने के अधिकार लिया आज बाबा की बेटी गिरिजा 80 साल की हैं। फिल्म शुरू करने से पहले चार साल तक रिसर्च की गई । इस फिल्म के निमार्ता खुद भी नीम करोली बाबा के बड़े भक्त हैं। वह एक्टर, लेखक, निमार्ता और निर्देशक भी हैं। नीम करौली बाबा जैसी फिल्म बनाना आसान कार्य नहीं है रीयल लोकेशन पर फिल्म को शूट करना बाबा के परिवार से फिल्म बनाने की अनुमति लेकर इस प्रोजेक्ट को शुरू करना इस फिल्म को दूसरी फिल्मों से अलग बना देता है यह फिल्म सिर्फ सिर्फ बाबा करौली के भक्तों को ही नहीं हर उस दर्शक को देखनी चाहिए जो धार्मिक फिल्में पसंद करते है और चाहते है ऐसी फिल्में आगे भी बने तो उन्हें अपने परिवार के साथ यह फिल्म देखनी चाहिए और इस फिल्म को सभी राज्य सरकारों को टैक्स फ्री करना चाहिए।



कलाकारः सुबोध भावे , समीक्षा भटनागर, राजेश शर्मा ,सेंसरः यू, अवधिः 139 मिनट

# गाजियाबाद पुलिस अधिकारियों ने जनसुनवाई कर सुनीं नागरिकों की समस्याएं




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन/ मुख्यालय ने अपने कार्यालय पर शिकायत लेकर आए लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, केशव कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध ने भी अपने कार्यालय पर पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनीं तथा समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त, सुरेन्द्र नाथ तिवारी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार कार्यालय पर शिकायतकताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उधर, राजकरन नैय्यर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/ यातायात ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए।

पुलिस अधिकारियों ने जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित समाधान कराया जाएगा।

## जेठ के बड़े मंगलवार पर सेवा का अनूठा उदाहरण, 1000 लोगों को वितरित किया गया गन्ने का रस

# रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रहम फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे बिस्कुट व ब्रेड पकौड़े








**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** जेठ के दशहरा एवं जेठ के बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर समाज सेवा और मानवता को समर्पित एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर एवं आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थ वितरित किए गए।

सेवा अभियान के दौरान लोगों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से ताजा एवं शुद्ध गन्ने का रस वितरित किया गया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में लगभग 1000 लोगों को गन्ने का रस, 1000 बिस्कुट पैकेट तथा 300 ब्रेड पकौड़े वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सेवा, करुणा और परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ वितरण कार्य में सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार भार्गव, श्रीमती मनीषा भार्गव, प्रतीक भार्गव, राजेश गोयल, अजय चौधरी एवं रवि भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाजहित में योगदान दिया।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर द्वारा प्रतिवर्ष 10 से 15 सेवा एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों के माध्यम से निरंतर जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

समाज सेवा की भावना को समर्पित यह आयोजन न केवल जरूरतमंदों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का संदेश दे गया।

# भारत गौशाला में हरा चारा वितरण का 40वां सेवा प्रकल्प संपन्न

## आरएचएएम फाउंडेशन और डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त प्रयास से गौसेवा अभियान को मिला व्यापक सहयोग

**मनीषा भार्गव**







**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में हरा चारा वितरण का 40वां सेवा प्रकल्प सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गौमाता एवं बैलों के कल्याण के लिए आयोजित इस सेवा अभियान में 12 रोटरी क्लबों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सहयोग प्रदान किया।

इस सेवा प्रकल्प का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम सहित विभिन्न क्लबों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सेवा प्रकल्प के अंतर्गत गौशाला में गौवंश के लिए हरे चारे का वितरण किया गया। आयोजन का उद्देश्य पशुओं के प्रति संवेदनशीलता, सेवा भावना और करुणा के भाव को समाज में प्रोत्साहित करना तथा गौसेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर प्रतीक भार्गव, अजय चौधरी, विद्यानंद त्यागी, मनीषा भार्गव एवं आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज की सहभागिता से संचालित ऐसे सेवा प्रकल्प न केवल गौवंश के संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि लोगों में सेवा और परोपकार की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी एवं सेवा आधारित कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# दनकौर सीएचसी में टीबी मरीजों को वितरित की गईं पोषण पोटलियां

## आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से 50 क्षय रोगियों को मिली पोषण सहायता, टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता का संदेश











प्रतीक भार्गव

**दनकौर (गौतमबुद्ध नगर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) दनकौर में आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद द्वारा टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटलियां वितरित की गईं, जिससे उन्हें उपचार के साथ आवश्यक पौष्टिक आहार भी उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद की ओर से डॉ. धीरज भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. हरिओम, डॉ. दिव्या गुप्ता, ललित एवं डॉ. आदेश सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और समाजसेवी



कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह ने कहा कि टीबी का समय पर और नियमित उपचार पूरी तरह संभव है। उन्होंने मरीजों से दवाइयों का सेवन बिना किसी व्यवधान के जारी रखने तथा पौष्टिक भोजन को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता, समय पर जांच और नियमित उपचार के माध्यम से टीबी मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि टीबी के उपचार में दवाओं के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से पोषण पोटली वितरण जैसे कार्यक्रम मरीजों के स्वास्थ्य सुधार में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

आरएचएएम फाउंडेशन पिछले सात वर्षों से टीबी मरीजों के पोषण एवं स्वास्थ्य सहयोग के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। संस्था अब तक लगभग 19 हजार टीबी मरीजों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान कर चुकी है। इस अभियान को सफल बनाने में 12 रोटरी क्लबों एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनराइज, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट एवं रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद ने सभी सहयोगी संस्थाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। संस्था के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी टीबी उन्मूलन और जनस्वास्थ्य से जुड़े सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्या, अफसरों की लगाई ड्यूटी

मनीषा भार्गव




**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने राजस्व, जीडीए, नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य एवं निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जन शिकायतें सुनी जाएं तथा जूम माध्यम से लाइव रहकर शिकायतों की समीक्षा सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन ही जनता का विश्वास मजबूत करता है। जनता दर्शन में कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। वहीं अन्य प्रकरणों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल जूम के माध्यम से संपर्क स्थापित कर शिकायतों की जानकारी दी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिल सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग को मिलावटखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं श्रम विभाग को निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जांच करने और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सड़कों पर दौड़ रहे डग्गामार वाहनों, अनफिट वाहनों और अनफिट एंबुलेंसों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा सीएम डैशबोर्ड पुस्तिका में सुधार लाने के लिए सभी अधिकारियों को विभागीय कार्यों की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुरक्षा, जनहित और जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विशेष अभियान संचालित किए जाएं, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.